हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री




10 श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई हनुमान जयंती



10 आपसी भाईचारा-बिना भेदभाव के समानता के साथ रहने का संकल्प






## खबर संक्षेप

### ऑटो की टक्कर से सड़क पार कर रहा व्यक्ति घायल

**जींद।** गांव किनाना के निकट तेजरफ्तार ऑटो ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को टक्कर मार कर घायल कर दिया। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार ऑटोचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बुढाबाबा बस्ती निवासी सतपाल (70) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश गांव किनाना गया हुआ था। जब वह सड़क को पार कर रहा था तो उसी दौरान तेजरफ्तार ऑटो ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक ऑटो समेत मौके से फरार हो गया।

### पार्टी से नकदी वाला बैग व गिफ्ट ले उड़ी महिला

**जींद।** सफीदों रोड मैरिज पैलेस में चल रही रिटायरमेंट पार्टी से नकदी वाला बैग तथा गिफ्ट गायब हो गए। बैग में तीस हजार की राशि थी। शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्बन एस्टेट निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सफीदों रोड स्थित मेरिज पैलेस में रिटायरमेंट पार्टी का आयोजन किया गया था। मेहमानों द्वारा दिए गिफ्टों को स्टेज पर साइड में रखा गया था। उसकी पत्नी किरण ने अपने बैग को गिफ्टों के साथ रखा हुआ था। बैग में लगभग तीस हजार रुपये की नकदी थी।

### 10.50 ग्राम हेरोइन के साथ युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जींद।** सीआइए स्टाफ ने नया बस अड्डा के निकट जलेबी चौक से काबू कर कब्जे से 10.50 ग्राम हेरोईन बरामद की है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पकड़े युवक के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि नया बस अड्डे के निकट जलेबी चौक पर एक युवक नशीले पदार्थ के साथ ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते युवक को काबू कर लिया। जब युवक की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 10.50 ग्राम हेरोईन बरामद हुई।

### बाइक की चपेट में आने से व्यक्ति की जान गई

**कैथल।** चीका में कैथल रोड पर पैदल जा रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक व्यक्ति के भाई शिकायत के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में चीका के सेगा प्लॉट निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि 31 मार्च की शाम भाई विजय (46) के साथ चाय का खोखा बंद कर पैदल लौट रहे थे। जब वे मनप्रीत की आटा चक्की के पास पहुंचे, तो पीछे से तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी।

### बंद मकान से लाखों के आभूषण चुराए

**कैथल।** कस्बा सीवन में चोरों ने बंद मकान से आभूषण सहित 1.85 लाख की नकदी चोरी कर ली। मकान मालिक महिला की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सीवन निवासी कुसुम ने बताया कि वह 30 मार्च को बच्चों के साथ मायके गई थी। इस दौरान मकान में ताला लगा था। 1 अप्रैल की रात जब वे वापस लौटे तो मेन गेट का ताला सही मिला, लेकिन अंदर कमरे का ताला टूटा हुआ था।

---

### एकलव्य स्टेडियम के सामने पांच को बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे

# विकास रैली में मुख्यमंत्री देंगे जींद को करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात

### मुख्यमंत्री सैनी तीन परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे : डिप्टी स्पीकर

**सीएम 12 परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। रैली स्थल का निरीक्षण करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

आगामी पांच अप्रैल को जींद में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एकलव्य स्टेडियम के सामने धन्यवाद एवं विकास रैली में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री जींद विधानसभा क्षेत्र को करोड़ों रुपये की सौगत देंगे। मुख्यमंत्री द्वारा 12 परियोजनाओं का शिलान्यास 140 करोड़ 87 लाख 8 हजार रुपये की लागत से तथा तीन परियोजनाओं का उद्घाटन 55 करोड़ 78 लाख 10 हजार रुपये की लागत से किया जाएगा। इन सभी परियोजनाओं की लागत 196 करोड़ 65 लाख 18 हजार रुपये है। डिप्टी स्पीकर ने वीरवार को रैली स्थल का दौरा किया। बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा। इसमें चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के तहत हैबतपुर स्थित संत शिरोमणि श्री धन्ना भगत राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ होगा। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा 16 करोड़ 28 लाख 30 हजार रुपये की लागत से जींद डिस्ट्री नंबर 4 के पुनर्निर्माण कार्य का उद्घाटन होगा। 39 करोड़ 49 लाख 80 हजार रुपये की लागत से गांव स्तर पर आधुनिक सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई व्यवस्था तथा इंटल खुर्द गांव में जल भंडारण के लिए बैलेंसिंग जलाशय निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया जाएगा। डिप्टी स्पीकर ने बताया कि 12 विकास परियोजनाओं का होगा शिलान्यास भी सीएम द्वारा किया जाएगा। जिसमें हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी) द्वारा तीन करोड़ 18 लाख 81 हजार रुपये की लागत से गांव मनोहरपुर में बनाए जाने वाले परचेज सेंटर का शिलान्यास, लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी बीएंडआर) द्वारा ऑफिसर कॉलोनी में राजस्व अधिकारियों के लिए बनाए जाने वाले 56 आवासीय इकाइयों का शिलान्यास होगा। जिसकी लागत 16 करोड़ 61 लाख 4 हजार रुपये है। तीन करोड़ 14 लाख 62 हजार रुपये की लागत से दालमवाला, जीवनपुर-नगूरां मार्ग तथा दरियावाला से बरसोला मार्ग की विशेष मरम्मत तथा जींद-हांसी मार्ग से जींद-भिवानी मार्ग तक बाईपास आरडी 5.375 से 5.567, मार्ग पहचान संख्या 10121 का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का शिलान्यास होगा। निर्जन एप्रोच मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण तथा जींद-सफीदों से हैबतपुर-खोखरी-बोहतवाला, दालमवाला होते हुए कंडेला मार्ग (परशुराम चौक से बाईपास तक का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का शिलान्यास होगा। जिसकी लागत चार करोड़ 56 लाख 90 हजार रुपये है। सीआरआईएफ योजना के तहत पानीपत से सफीदों राज्य मार्ग 11 तथा सफीदों से जींद राज्य मार्ग 14 मार्ग का फोरलेनिंग, चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का शिलान्यास होगा। जिसकी अनुमानित लागत 56 करोड़ 61 लाख चार हजार रुपये है।

#### इन निर्माण कार्य का शिलान्यास

जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग द्वारा नौ करोड़ 98 लाख 40 हजार रुपये की लागत से समेकित सैनिक सदन के निर्माण कार्य का शिलान्यास होगा। स्वास्थ्य विभाग के तह गांव कंडेला में नौ करोड़ 90 लाख 83 हजार रुपये की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य का शिलान्यास होगा। जल निकासी प्रणाली को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की 109 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से मनोहरपुर ड्रेन खुदाई परियोजना का शिलान्यास होगा। यह कार्य आरडी 0 से 7600 तक किया जाएगा। जिसका आउटफॉल आरडी 164350 एल हांसी ब्रांच में निर्धारित है। 35 करोड़ 76 लाख 25 हजार की लागत से पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग की जलालपुरा कलां, इंटल कलां व इंटल खुर्द में तीन न. नहर आधारित परियोजनाओं का निर्माण कार्य का शिलान्यास तथा दो मौजूदा कार्यों का विस्तार का शिलान्यास होगा। इसके तहत संगतपुरा, जाजवान व ढांडाखेड़ी गांवों को कॉमन पंपिंग स्टेशन के माध्यम से कच्चे पानी की आपूर्ति एवं डीआई पाइप लाइन बिछाने के कार्य का शिलान्यास होगा।

#### डिप्टी स्पीकर ने लिया जायजा

इन सभी परियोजनाओं की लागत 196 करोड़ 65 लाख 18 हजार रुपये है। डिप्टी स्पीकर ने वीरवार को रैली स्थल का दौरा किया। बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा। इसमें चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के तहत हैबतपुर स्थित संत शिरोमणि श्री धन्ना भगत राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ होगा।सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा 16 करोड़ 28 लाख 30 हजार रुपये की लागत से जींद डिस्ट्री नंबर 4 के पुनर्निर्माण कार्य का उद्घाटन होगा।

---



सफीदों। रैली को लेकर दिशा-निर्देश देते उपायुक्त। फोटो :हरिभूमि

## विधायक-डीसी ने दौरा कर लिया तैयारियों का जायजा

### सीएम कल सफीदों में करेंगे संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम तथा डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने वीरवार को स्थानीय नई अनाज मंडी का दौरा किया और चार अप्रैल को मुख्यमंत्री हरियाणा की आयोजित होने वाली धन्यवाद एवं विकास रैली की तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान विधायक रामकुमार गौतम तथा डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि चार अप्रैल की जनसभा की तैयारियां पूरी की जा रही हैं। जनसभा के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक पहलूओं को ध्यान में रख संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि नई अनाज मंडी में भव्य पंडाल की व्यवस्था करवाई की गई है। इसमें मुख्यमंत्री व अति विशिष्ठ अतिथियों के लिए वीवीआईपी मुख्य मंच बनाया है।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

जबकि स्थानीय व अन्य विशिष्ठ अतिथियो के लिए भी अलग से मंच बनाया जा रहा है। साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के लिए मंच होगा। आगे बताया कि धन्यवाद एवं विकास रैली की परोपर कवरेज के लिए मीडिया कर्मियों के बैठने के लिए मुख्य मंच के ठीक सामने मीडिया गैलरी स्थापित होगी। पंडाल में महिलाओं एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग ब्लॉक स्थापित किए गए हैं। रैली स्थल पर आने वाले आमजन के लिए मुख्यमंत्री सहित अति विशिष्ठ अतिथियों के लिए तीन रास्ते बनाए है ताकि रैली स्थल पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी प्रकार की व्यवस्थाएं माकुल बनी रहे। मुख्यमंत्री के हैलीकॉप्टर के लिए हैलीपेड बनाया है। यह भी बताया कि रैली स्थल पर आने वाले वाहनों के लिए भी श्रेणी वाईज अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

---

### जींद को 116 निजी खेल नर्सरियां अलॉट

**जींद।** नए सत्र में इस बार जिले को 116 निजी खेल नर्सरियां अलाट हुई हैं। जो पिछली बार की तुलना में दोगुनी हैं। पिछली बार जिले में 58 खेल नर्सरियां अलॉट हुई थी। एक नर्सरी में 25 खिलाड़ी अभ्यास कर सकते हैं। खिलाड़ियों की आयु आठ से 19 वर्ष के बीच निर्धारित की है। इस सत्र में 29 खेलों के लिए 336 आवेदन सरकारी स्कूलों, ग्राम पंचायतों व निजी स्कूल की नर्सरी संचालकों द्वारा किए गए थे। इस बार की खास बात यह है कि निजी स्कूल संचालकों से भी नर्सरी के लिए आवेदन मांगे गए थे। जबकि पिछली बार केवल सरकारी स्कूलों व ग्राम पंचायतों को खेल नर्सरियां अलॉट की गई थी। हालांकि इस बार भी नर्सरियां अलाट की गई हैं। उसमें राजकीय स्कूलों और ग्राम पंचायतों की संख्या ज्यादा, जबकि निजी स्कूल संचालकों को कम ही नर्सरियां अलॉट की गई हैं। इस बार खेलों को बढ़ावा देने के लिए ओलंपिक, एशियन व कामनवेल्थ खेलों में शामिल खेल नर्सरी खोली गई हैं। विभाग द्वारा इन संस्थानों को हिदायत अनुसार 20 से 25 हजार रुपये प्रशिक्षकों को मानदेय व 1500 से दो हजार रुपये खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।




जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### मृतकों के परिजनों को 50 लाख व स्थायी नौकरी और घायलों को दस लाख मुआवजा देने की मांग

**जींद।** सफीदों में होली का रंग व गुलाल बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण अग्निकांड में मारी गई महिलाओं के परिवार को न्याय दिलवाने के लिए गुरूवार को सफीदों की पुरानी अनाज मंडी में प्रदर्शन किय गया। प्रदर्शकारी लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर इस अग्निकांड में मारी गई 12 महिलाओं के परिवारों को न्याय दिलवाने, न्याय के लिए आवाज उठाने वाले कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने के खिलाफ मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व सीपीआईएम जिला सचिव कपूर सिंह, सीटू नेता राधेश्याम हाट, पवन कुमार, कपूर सिंह, कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर, पीड़ित परिवारों में शामिल श्रवण मुआना, जगदीश व अनिल ने किया। काह कि इस घटना को हादसा न मान कर प्रशासन और फैक्टरी मालिक की मिलीभगत से हुआ महिलाओं की मौत को संस्थागत हत्याकांड करार दिया जाए। फैक्टरी में श्रम कानूनों और सुरक्षा मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही थी। आपात स्थिति से निपटने के लिए न तो वहां अग्निशमन उपकरण थे और न ही सुरक्षा किट। यह हृदयविदारक स्थिति गेट पर बाहर से ताला लगा होने के कारण मजदूर अंदर ही फंस गए।

## अलेवा खांडा के निकट अनियंत्रित कार ग्रिल से टकराई, एक की मौत, दो घायल

### विदेश से आ रहे जानकार को दिल्ली एयरपोर्ट लेने जा रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। नागरिक अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

गांव अलेवा खांडा के निकट दिल्ली-कटरा नेशनल हाइवे पर वीरवार अल सुबह कार अनियंत्रित होकर ग्रिल से जा टकराई। जिसमें कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। अलेवा थाना पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। मुगलचक जिला तरनतारन पंजाब निवासी गुरपाल (61), उसका चचेरा भाई बलजिंद्र, दलजीत बुधवार रात को कार में सवार होकर जम्मू-कटरा नेशनल हाइवे दिल्ली जा रहे थे। गांव अलेवा खांडा के निकट उनकी कार अनियंत्रित हो कर हाइवे पर लगे ग्रिलो से जा टकराई। जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने गुरपाल को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। घायल बलजिंद्र ने बताया कि उनका जानकार विदेश से दिल्ली एयरपोर्ट पर आ रहा था। जिसे लेने के लिए तीनों कार से दिल्ली एयरपोर्ट जा रहे थे। गांव खांडा के निकट उनकी कार अनियंत्रित हो कर ग्रिल से टकरा गई। जिसमें उसके ताऊ के बेटे गुरपाल की मौत हो गई। अलेवा थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौंप दिया है। अलेवा थाना के जांच अधिकारी मोहनलाल ने बताया कि हादसा इत्तफाकिया हुआ है।

### 79 लाख की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** साइबर ठगो पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसे ही मामले में ठगो द्वारा हैफेड में कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ इन्वेस्टमेंट के नाम पर करीब 79 लाख की ठगी करने के मामले की जांच थाना साइबर क्राइम के एएसआई विनोद कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान छतरी वाली ढाणी जिला दोसा राजस्थान निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव साकरा निवासी दर्शन सिंह की शिकायत अनुसार वह हैफेड में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर काम करता है। 11 सितंबर को उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप पर मैसेज आया। यूजर ने अपना नाम चंद्रिका बताया और उसे पार्ट टाइम काम करने का ऑफर किया। इसके बाद उसे अलग-अलग होटल व वेबसाइट पर रिव्यू देने के लिए कहा और रिव्यू के स्क्रीनशॉट टेलीग्राम आईडी पर भेजने को कहा। इसके बाद उसने वेबसाइट पर रिव्यू देकर टेलीग्राम पर स्क्रीनशॉट भेज दिया।

---

### कैथल पुलिस में बड़ा फेरबदल, 6 थानों के एसएचओ सहित 20 पुलिसकर्मियों का किया ट्रांसफर

# साइबर थाना एसएचओ को एंटी इमिग्रेशन सेल तो कैथल सदर थाना एसएचओ को दी सीवन थाना की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कार्यभार संभालते सप्ताह के भीतर



बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते 6 थानों के एसएचओ सहित 20 पुलिसकर्मियों का तबादला किया है। बदलाव के तहत साइबर थाना एसएचओ सुभ्रांशु को एंटी इमिग्रेशन सेल में भेजा गया है। जबकि कैथल सदर थाना एसएचओ रमेश कुमार को सीवन थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, सीवन थाना एसएचओ पारस को एसडीयू विंग का इंचार्ज बनाया गया है। इसी प्रकार से ढांड के एसएचओ सुनील को एसडीयू विंग का इंजार्च बनाया गया है। सिटी थाना में कार्यरत एसआई रणदीप को साइबर क्राइम थाना का एसएचओ बनाया गया है। सिविल लाइन में कार्यरत एसआई कुलदीप सिंह को सदर थाना कैथल का एसएचओ बनाया है। सीवन एसएचओ एसआई पारस को एसडीयू कैथल में भेजा गया है। वहीं, चीका थाना एसएचओ एसआई संदीप कुमार को एसआईएस ब्रांच प्रभारी बनाया है। पूंडरी थाना में कार्यरत पवन को ढांड का एसएचओ बनाया है। इसके अलावा विभिन्न थानों में तैनात एसआई स्तर के अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारियां देकर पुलिस व्यवस्था को और मजबूत करने की कोशिश की गई है। नई जिम्मेदारियां एसपी कार्यालय द्वारा जारी किए गए पत्र के माध्यम से दी गई हैं।

#### एसएचओ के अलावा इन को किया इधर से उधर

एसडीयू कैथल में कार्यरत एसआई मुकेश कुमार को एवीटी स्टाफ में
एवीटी स्टाफ में कार्यरत एसआई प्रदीप कुमार को एएनसी स्टाफ में
एएनसी स्टाफ में कार्यरत एसआई संदीप को चीका थाना एसएचओ बनाया
सिविल लाइन में कार्यरत एसआई कुलदीप को सदर थाना एसएचओ बनाया
महमूदपुर पुलिस चौकी के एसआई राजबीर को रामथली चौकी में भेजा
गुहला थाना में कार्यरत एसआई रोहित को किठाना चौकी में भेजा
किठाना चौकी में कार्यरत एएसआई मनीष को साइबर क्राइम थाना में लगाया
रामथली चौकी में कार्यरत एएसआई संजय को महमूदपुर चौकी में लगाया
एसडीयू में कार्यरत एएसआई तरसेम को सीआईए-वन टीम में लगाया
महमूदपुर चौकी में कार्यरत एएसआई राकेश को एएनसी कैथल में लगाया
सीवन थाना में कार्यरत एएसआई राजेश को डीएसपी कैथल का रीडर लगाया
पुलिस लाइन में कार्यरत एएसआई लखविंदर को महमूदपुर चौकी में लगाया
मुख्य सिपाही रजत को एसआईएस से सिक्योरिटी ब्रांच कैथल लगाया

## फर्जी ट्रेडिंग एप से निवेश करवाने के नाम पर 8.81 लाख की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पूंडरी में व्यक्ति से फर्जी ट्रेडिंग एप के माध्यमसे निवेश करवाने के नाम पर 8.81 लाख की साइबर ठगी कर ली। व्यक्ति की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पूंडरी निवासी मोहिंदर सिंह ने बताया कि 3 मार्च को मोबाइल पर कॉल आई, जिसमें कॉलर ने खुद को अमित विजयवर्गीय बताते हुए क्लासिक फोरेक्स ट्रेडिंग कंपनी में निवेश करने की सलाह दी। उसने हर रोज 2 से 3 प्रतिशत मुनाफा देने का लालच दिया और लिंक भेजकर एप डाउनलोड करवा दी। शुरुआत में तो 45 हजार 840 रुपए ट्रांसफर करवाए और एप में मुनाफा बढ़ता दिखाया जाता रहा। बाद में 15 से 20 % तक मुनाफे का लालच देकर 19 मार्च को 8.81 लाख एक अन्य खाते में आरटीजीएस करवा लिए। जब पैसे निकालने की कोशिश की तो आरोपियों ने और पैसे की मांग शुरू कर दी, जिससे उसे ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने 26 मार्च को साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई थी। मामले के जांच अधिकारी एएसआई विनोद ने बताया कि शिकायत पर साइबर ठगी के आरोपी में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### सांसद जयप्रकाश उचाना में कल

**उचाना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हिसार लोकसभा से सांसद जयप्रकाश चार अप्रैल को उचाना के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में पहुंचेंगे। वीरेंद्र प्रधान ने बताया कि दोपहर दो बजकर 30 मिनट पर पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में सांसद जयप्रकाश पहुंचेंगे। वो हर महीने के पहले सप्ताह में उचाना आते है। यहां पर आमजन, कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुनते है। हर माह सांसद के उचाना आने से लोगों की जो समस्याएं होती है उनके समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों से बातचीत सांसद करके समाधान करने का हर संभव प्रयास करते है।

### संदिग्ध हालात में दो युवतियां लापता, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। नरवाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वही गांव अंटा से भी 23 वर्षीय युवती गायब हो गई। परिजनों ने दोनों युवतियों को तलाशा भी लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गृहस्थ कोई छोटा आश्रम नहीं: अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक पं.रामनिवास अहिरका ने नरवाना रोड पर समिति के कार्यालय में कहा कि जो व्यक्ति दूसरे की पत्नी को माता के समान, धन को धूल के समान, सुख-दुखों को आपने सुख दुखों के समान समझता हुआ किसी भी प्राणी की अवैध हिंसा ऐसी हिंसा जिसके करने से व्यक्ति को उसके प्राण, देश, धर्म, संस्कृति, अनुशासन के अतिरिक्त अन्य कोई इच्छा स्वार्थ स्वाद लाभ मनोरंजन राग द्वेष ना होए नहीं करनी चाहिए। जिस प्रकार चुहिया कपड़े काट सकती है लेकिन इसे मारना जरूरी नहीं। क्योंकि इसे हम पिंजरे में पकड़ कर जंगल में छोड़ सकते हैं। जबकि जीवन रक्षा के लिए घर में घुसे सांप को मारना पड़ता है।

### निःशुल्क हृदय जांच शिविर चार को

**जींद।** कर्नल डीके भारद्वाज ने बताया कि चार अप्रैल सुबह 10 बजे गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में सैनिकों और आमजन के लिए फ्री हृय चेकअप एवं मेडिकल शिविर का आयोजन किया जाएगा। हॉस्पिटल की टीम ईसीजी, शुगर टेस्ट, बीपी व अन्य लैब टेस्ट एवं मेडिकल चेक अप की सुविधाऐं प्रदान करेगी। ईसीएचएस/सीजीएचएस हरियाणा सरकार के पूर्व व वर्तमान कर्मचारी, आयुष्मान एवं अन्य सवास्थ्य स्कीमों के लाभार्थियों का हृदय संबंधी और अन्य किसी बिमारी का मुफ्त इलाज हॉस्पिटल द्वारा किया जाएगा।

### महाराजा अग्रसेन स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**जींद।** स्थानीय महाराजा अग्रसेन विद्यालय में प्रातःकालीन बाल सभा में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बाल गोपालों ने मनमोहक भजनों से कार्यक्रम में समां बांध दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता ने कहा कि हनुमान जी ऐसे भक्त हैं जो जीव को भगवान से मिलान करवाते हैं।

### मानसिक उत्पीड़न की यूजीसी को शिकायत

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के एक छात्र द्वारा विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) को भेजी गई शिकायत में विवि परिसर में रैगिंग और मानसिक उत्पीडऩ के गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्र ने अपनी शिकायत में बताया कि कुछ वरिष्ठ छात्रों द्वारा उसे बार-बार परेशान किया जा रहा है। अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जा रहा है तथा उनके प्रैक्टिकल कार्य और फाइलें बनाने का दबाव बनाया जा रहा है। शिकायत के अनुसार गत 11 फरवरी को उसे विभाग में बुला कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।





**जींद।** प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु व बाबा की जोहड़ी पर लगा भंडारा। फोटो :हरिभूमि

### मुख्य बाजारों में शोभा यात्रा निकाली, जयकारों से गूंजा शहर

# जिलेभर में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई हनुमान जयंती

### हनुमान गली में लगाया भंडारा, हवन में श्रद्धालुओं ने दी आहुति

**शहर में जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर में वीरवार को हनुमान जयंती पर मंदिरों में जहां भजन कार्यक्रमों तथा यज्ञ का आयोजन किया । वहीं शहर की सामाजिक संस्थाओं द्वारा जगह-जगह भंडारे भी लगाए गए। हनुमान गली स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में गुरूवार को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर हर वर्ष की तरह विशाल हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शहर और गांव से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने शिरकत की। उन्होंने यज्ञ में आहूति डाल विश्व कल्याण की कामना की। इस मौके पर जयति-जयति हिंदू महान संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अतुल चौहान ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान गली स्तिथ हनुमान मंदिर में हवन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। इसमें सैंकड़ों संगठन के सदस्यों ने हिस्सा लिया। अतुल चौहान ने बताया कि यह हनुमान मंदिर स्व. मास्टर सुशील चौहान ने अपने हाथों से बनाया था। यहां स्थित हनुमान की विशाल प्रतिमा पूरे भारत की सबसे बड़ी मिट्टी की मूर्ति है। इसको मिट्टी व गंगाजल से बनाया गया है। पूरे हिंदुस्तान में इतनी बड़ी मिट्टी की मूर्ति कहीं नही है। यहां दूर-दूर से लोग आते हैं और यहां सबकी मन्नतें पूरी होती हैं। यह पवित्र स्थान हजारों लोगों की आस्था का केंद्र है। जिसके कारण हर रोज यहां आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। दुकानदारों ने अपनी पूरी सेवाएं भंडारे में दी। बाद में शहर के मुख्य बाजारों में शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें अलग-अलग धार्मिक झांकियां दर्शाई गई। वहीं गोहाना रोड पर दुकानदारों द्वारा हनुमान जयंती पर भंडारे का आयोजन किया । भंडारे में राहगीरों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी प्रसाद वितरित किया गया। इसके अलावा सभी दुकानदारों ने एकसाथ हनुमान चालीसा का पाठ किया।



हनुमान जयंती पर हनुमान मंदिर में हवन में आहुति देते डिप्टी स्पीकर व श्रद्धालु।



डिप्टी स्पीकर को प्राचीन हनुमान मंदिर का चित्र भेंट करते अतुल चौहान।



**जींद।** राजकुमार गोयल का सम्मान करते मुकेश शर्मा।

### संकट मोचन मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव

**जींद।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अपोलो रोड स्थित संकट मोचन सिद्ध श्री हनुमान मंदिर मंगल पर भव्य धार्मिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर हनुमान जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस कार्यक्रम के तहत श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भाग लेकर भक्ति भाव से पाठ किया। इसके पश्चात सवामणी प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समारोह के दौरान पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर रहा और जय श्री राम व जय बजरंग बली के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। आयोजन में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी लोगों की अच्छी खासी भागीदारी रही। कार्यक्रम के आयोजक मुकेश शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकताए श्रद्धा और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर बीजेपी के जिला प्रधान तेजेंद्र ढुल, रुद्राक्ष मिड्ढा, अग्रवाल समाज के प्रधान राजकुमार गोयल, राजकुमार भोला, मंजीत सिंह, पवन बंसल इत्यादि ने भी प्रमुख तौर से शिरकत की।

### श्रद्धालुओं ने बजरंगबली का जन्मदिन मनाया

**नरवाना।** चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को वीरवार को हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। नगर के विभिन्न मंदिरों में आज सुबह से ही हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी दिखाई दी। धौला कुआं पर प्राचीन हनुमान मंदिर पुराने बस स्टैंड पर छोटू राम पार्क के सामने, श्रीराम कृपा सेवा दल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव नगर परिषद के पास बालाजी मंदिर सब्जी मंडी के पास पंजाबी भवन में हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालु हनुमान जी को सवामणि लगाने के लिए लंबी-लंबी कतारों में लगे दिखाई दिए। कोई हाथ में ध्वजा पताका लिए था तो कोई बजरंगबली का सोटा तो कोई फूलों का हार तो कोई लड्डुओं का भोग। सभी मंदिरों को रंगीन लाइटों और गुब्बारों से सजाया हुआ था। सुबह-सुबह ही मंदिरों में हवन यज्ञ हुआ उसके उपरांत विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ जहां हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा बजरंगबली का जन्मदिन मना कर प्रसाद ग्रहण किया। नगर परिषद के पास बालाजी मंदिर में सज्जन ने बताया कि मेहंदीपुर बालाजी का स्वरूप यहां पर मंदिर में विराजमान है व आज हनुमान जन्मोत्सव पर उनको 56 भोग का भोग लगाया।



दीपांशु मेहंदिया को सम्मानित करते मुख्यातिथि व अन्य।

### प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में दीपांशु अव्वल

**जुलाना।** जुलाना के शिवम पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले दीपांशु मेहंदिया ने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। उसे हरियाणा गौरव पुरस्कार दिया है। स्कूल पहुंचने पर दीपांशु को स्कूल द्वारा सम्मानित किया । डायरेक्टर नरेंद्र लाठर ने बताया कि दीपांशु कक्षा पांचवीं में पढ़ता है। पिछले दिनों राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना द्वारा प्रदेश स्तरीय व्याकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया था। जिसमें सैंकड़ों बच्चों ने भाग लिया था। इसी प्रतियोगिता में भाग लेते दीपांशु ने प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता के दौरान दीपांशु ने भाषा ज्ञान, व्याकरण की समझ और सटीक उत्तर देने की क्षमता को परखते प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिस कारण उसे हरियाणा गौरव पुरस्कार दिया गया है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जुलाना नपा के कार्यकारी प्रधान पवन सैनी ने शिरकत की।

### भक्तिमय माहौल में मनाई हनुमान जयंती

**उचाना।** हनुमान जयंती का पर्व भक्तिमय माहौल में मनाया गया। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंच कर पूजा अर्चना की। हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ भी श्रद्धालुओं ने कर मनोकामना पूर्ण की कामना की। लितानी रोड स्थित बाला जी धाम पर जींद से श्रद्धालु ध्वज यात्रा लेकर पहुंचे। बाबा की जोहड़ी पर भंडारे का आयोजन किया गया। जय मां अन्ना पूर्णा मंदिर, लितानी रोड स्थित हनुमान मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया। श्रद्धालु परिवार सहित मंदिरों में पहुंचे। शाम को खापड़ स्थित खाटू श्याम मंदिर से ध्वज यात्रा उचाना तक पहुंची। हनुमान जन्मोत्सव बाला जी संकट मोच मंदिर लोको कालोनी में मनाया गया। अंजनी माता सेवा समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा कसूहन मंडल संयोजक एवं समाज सेवी संदीप चहल बड़ौदा पहुंचे। संदीप चहल ने कहा कि हनुमान जयंती का पर्व हर साल चैत्र महीने की पूर्णिमा को आता है।



हनुमान जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे संदीप चहल।



भंडारे में उपस्थित राजकुमार गोयल व अन्य श्रद्धालुगण।

### हनुमान जयंतीः उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जींद।** श्री बालाजी मेहंदीपुर सेवा समिति जींद द्वारा श्री हनुमान जयंती का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुरानी अनाज मंडी में बाबा का विशाल जागरण आयोजित किया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भक्ति रस में डूबकर आनंद लिया। जागरण के दौरान दिल्ली से आई भजन गायिका कपिल लाडली तथा कैथल से अनिल भारती ने हनुमान जी के मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरी रात भक्तजन भजनों पर झूमते नजर आए और वातावरण जय श्री राम व जय बजरंग बली के जयकारों से गूंजता रहा। इस दौरान बाबा का विशेष मिल्क केक भोग श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। उधर सेवा समिति द्वारा श्री राम मंदिर रानी तालाब के पास विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया।

### खाप प्रधान धर्मपाल कंडेला की अध्यक्षता में सर्व जातीय कंडेला खाप की बैठक

# आपसी भाईचारा-बिना भेदभाव के समानता के साथ रहने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्व जातीय कंडेला खाप की एक बैठक खाप प्रधान धर्मपाल कंडेला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और बिना किसी भेदभाव के समानता के साथ रहने का संकल्प लिया गया। बैठक के दौरान इस बात पर विशेष बल दिया गया कि खाप पिछले चार वर्षों से अपने अधिकार क्षेत्र के सभी गांवों में नशे की रोकथाम के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चला रही है। यद्यपि पुलिस प्रशासन ने भी कुछ गांवों में नाकेबंदी और निगरानी के जरिये नशे को रोकने का प्रयास किया है। परंतु खाप का मानना है कि इस दिशा में पूर्ण सफलता प्राप्त करने के लिए अभी और अधिक सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। इसी कड़ी में रसोई गैस की बढ़ती कमी और फिजूलखर्ची को देखते हुए खाप प्रधान ने एक दूरगामी निर्णय लिया कि भविष्य में विवाह समारोहों को बेहद सादगी से आयोजित किया जाना चाहिए। खाप उपप्रधान दयानंद नंबरदार ने इस निर्णय की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शादियों में बारातियों की संख्या अब केवल 25 तक ही सीमित रखी जानी चाहिए। वर्तमान में दो-दो सौ गाडिय़ों के काफिले और सैंकड़ों की भीड़ के कारण न केवल सड़कों पर जाम की स्थिति पैदा होती हैए बल्कि नशे में गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटनाओं का भय भी बना रहता है।



**जींद।** बैठक में शामिल खाप पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### एसडीएम ने लिया मंडी में व्यवस्थाओं का जायजा

**जींद।** जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह ने वीरवार को नई अनाज मंडी का दौरा कर रबी फसल खरीद व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में किसानों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मंडी परिसर में साफ.-सफाई व्यवस्था, निर्बाध बिजली आपूर्तिए स्वच्छ पेयजलए सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, गेट पास प्रणाली तथा बायोमेट्रिक व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर एवं सुचारू रूप से उपलब्ध करवाई जाएं। अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि फसल खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और किसानों के अनुकूल बनाया जाए।

## खबर संक्षेप

### वार्ड पांच में बनेगा दादा चतरभुज अत्री चौक : पंकज

**उचाना।** उचाना क्षेत्र के प्रमुख समाज सेवी रहे दादा चतरभुज अत्री के नाम से उचाना नगर पालिका के वार्ड नंबर पांच में चौक बनेगा। नगर पालिका में आयोजित हुई पार्षदों की मीटिंग में ये प्रस्ताव पारित हुआ। पार्षदों की मीटिंग में पहले की मीटिंग में पास हुए प्रस्तावों पर कामों की चर्चा भी की गई। वार्ड नंबर पांच के पार्षद पंकज करसिंधु ने बताया कि बताया कि नपा में हुई मीटिंग में इसका मांग को रखा गया। मीटिंग में विभिन्न प्रस्ताव पास हुए जिनमें वार्ड नंबर पांच में जो कन्या स्कूल एवं कान्हा सेवा सदन का चौक है उसका नाम समाज सेवी दादा चतरभुज अत्री के नाम से रखना भी शामिल रहा। पार्षद ने बताया कि उचाना क्षेत्र के प्रमुख समाज सेवी दादा चतरभुज अत्री रहे है। निरंतर जरूरतमंदों की सहारा बन लोगों की मदद वो करते थे।

### सद्भाव यात्रा का अंतिम चरण तीन सेः सज्जन सिंह

**उचाना।** मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन सज्जन सिंह ने कहा कि बांगर की धरती से प्रदेश में सदभाव का संदेश देने के लिए निकले कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह अब तक पांच चरणों में 70 हलकों में जा चुके है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के मार्ग दर्शन में ये यात्रा चल रही है। तीन अप्रैल से यात्रा का अंतिम चरण शुरू होगा। अंतिम चरण में 20 हलकों में यात्रा जाएगी। पांच अक्टूबर को नरवाना हलके के दनौदा गांव स्थित ऐतिहासिक बिनैन खाप के चबूतरे से यात्रा शुरू हुई थी। यात्रा को लोगों का जबरदस्त जन समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि तीन अप्रैल को करनाल हलके से शुरू होगा। रोहतक हलके में यात्रा सम्पन्न होगी। यात्रा के माध्यम से बृजेंद्र सिंह सद्भाव का संदेश देने के साथ-साथ केंद्रए प्रदेश के ताजा राजनीति हालातों के बारे में लोगों को बता रहे है। कांग्रेस पार्टी को इस यात्रा से मजबूती मिल रही है।

### हवन कर शैक्षणिक सत्र का किया शुभारंभ



**उचाना।** शिरडी साईं मंदिर डोहाना खेड़ा में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर विद्यालय में श्रद्धा और उत्साह के साथ हवन का आयोजन किया। विद्यालय परिवार ने नए सत्र को सफल, ऊर्जावान और मंगलमय बनाने की कामना की। स्कूल संचालक मदन लाल जेई ने बताया कि हवन के माध्यम से प्राचार्य, विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्यए अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के लिए आहुतियां अर्पित की।

### एमएसपी से अधिक भाव मिलने से किसान खुश

**उचाना।** सरसों की सरकारी खरीद को लेकर प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए हैं लेकिन सरसों के भाव प्राइवेट परचेज पर अधिक मिलने से एमएसपी पर कोई किसान सरसों बेचने नहीं पहुंच रहा है। 6200 रुपये सरसों का एमएसपी भाव तय किया गया है। सरसों के भाव सोमवार को 6850, मंगलवार को 6870 एवं बुधवार को 6820 रुपये प्रति क्विंटल तक उच्च क्वालिटी की सरसों के रहे। बीते साल भाव छह हजार के आसपास किसानों को अधिक से अधिक मिले थे। फसल के सीजन के शुरू होने से अब तक भाव एमएसपी से अधिक किसानों को मिल रहे है। अब तक 9724 क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि किसानों को किसी तरह की परेशानी फसल बेचने में नहीं आने दी जा रही है। पुख्ता प्रबंध खरीद को लेकर किए गए है। भाव इस बार सरसों के प्राइवेट परचेज पर एमएसपी से अधिक किसानों को मिल रहे है।

### रिले रेस में पायल की टीम ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**उचाना।** सनातन धर्म कन्या कॉलेज उचाना मंडी में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या डा. ंजू रानी ने की। शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता रितु ने प्रतियोगिता का संचालन करते हुए छात्राओं को खेलों के महत्व के बारे में बताते उनसे जुड़े समस्त जानकारियां दी। छात्राओं ने बढ़ चढ़कर खेल प्रतियोगिता में भाग लिया एवं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एथलीट मीट को सफल बनाया। छात्राओं ने डिस्कस थ्रो, शॉटपुट, लंबी कूद, थ्री लैग रेस, लेमन रेस, 100 मीटर, 400 मीटर रेस, रिले रेस विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर एथलीट मीट को सफल बनाया। शॉटपुट में पायल प्रथम, प्रीति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रिले रेस में पायल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्साकसी में बीए प्रथम की छात्राओं ने बीए फाइनल की छात्राओं को मात दी। लेमन रेस में रेखा प्रथम, किरण द्वितीय स्थान पर रही। पायल विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता रहकर बेस्ट एथलीट की ट्राफी जीतने में कामयाब रही।

### नहीं आने दी जाएगी गेहूं के सीजन में परेशानी

**उचाना।** गेहूं की खरीद एक अप्रैल से शुरू हो चुकी है। खरीद के पुख्ता प्रबंध किए गए है। बीते साल 1187901 क्विंटल गेहूं की खरीद उचाना में हुई थी। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते सीजन में उचाना मंडी में हैफेड ने 386857 क्विंटल, डीएफएससी ने 453395 क्विंटल, छात्तर सब यार्ड में हैफेड ने 78426 क्विंटल, डीएफएससी ने 71646 क्विंटल, घोघड़िया में डीएफएससी ने 117504 क्विंटल, धनखड़ी में डीएफएससी ने 10873 क्विंटल, काब्रच्छा में वेयर हाउस ने 66574 क्विंटल की खरीद की थी। 2626 क्विंटल प्राइवेट हुई थी। इस बार बीते साल से अधिक गेहूं आने का अनुमान लगाया जा रहा है। उचाना मंडी, छात्तर सब यार्ड एवं परचेज सेंटरों पर जाकर सभी पुख्ता प्रबंधों की जांच की जा चुकी है। निरंतर विधायक भी मंडियों में खरीद प्रबंधों एवं सुविधाओं को लेकर अधिकारियों से बातचीत कर जानकारी ले रहे है। किसान, आढ़ती को किसी तरह की परेशानी फसल के सीजन में नहीं आने दी जाएगी।

### विधायक ने परिवार सहित कैंची धाम पहुंच दर्शन किए



**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा जनपद नैनीताल स्थित बाबा नीम करौरी महाराज के दर्शन हनुमान जयंती पर किए। विधायक ने कहा कि परिवार सहित दर्शन कर देश, प्रदेश, क्षेत्र की सुख व समृद्धि की कामना की। कैंची धाम आने वाले श्रद्धालुओं आध्यातिमक ऊर्जा का अनुभव करते है। सच्चे मन से पूजा.अर्चना करने से कैंची धाम पर मनोकामना पूरी होती है।

### एडीसी ने सुनी जनसमस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

**जींद।** एडीसी प्रदीप कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविर में प्राप्त हर शिकायत का यथाशीघ्र उचित निपटारा सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में हर विभाग से संबंधित हर शिकायत का एक छत के नीचे तुरंत निपटारा करने का लक्ष्य रखा है। एडीसी वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में नागरिकों की समस्या सुन रहे थे। एडीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय स्तर पर तथा नरवाना, उचाना, जुलाना एवं सफीदों में उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का निपटान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविरों की शिकायतों का निपटारा करते समय संबंधित नागरिक से संवाद करें।

### हलके में विधायक देवेंद्र की लोकप्रियता बढ़ी : गर्ग

**उचाना।** मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग ने कहा कि निरंतर बढ़ रही उचाना हलके में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की लोकप्रियता से विपक्षी दल के नेताओं को सपने में भी वो नजर आने लगे है। उचाना हलके में राजनीति के मायनों को बदलने का काम विधायक ने किया है। निरंतर लोगों के बीच रहकर वो लोगों की समस्याओं को सुन उनकी आवाज को विधानसभा में उठाने का काम करते है। ऐसा मिलनसार विधायक उचाना हलके को शायद पहली बार मिला है जो खुद लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनता हो। अब से पहले जो विधायक बनते थे वो दिल्लीए चंडीगढ़ अधिक रहते थे। लोगों को उनसे मिलने के लिए दिल्लीए चंडीगढ़ जाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि आम परिवार से होने के चलते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री आम परिवारों की समस्याओं को जानते है। प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं को समाधान वो कर रहे हैं।

### नशा समाज-युवाओं के भविष्य के लिए खतरा : मलिक

**जींद।** राजकीय कालेज में जिला स्तरीय नशा मुक्त भारत अभियान प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया । कार्यक्रम का मुख्य विषय नशा मुक्त भारत अभियान रहा। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि नशा समाज और युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। इसे समाप्त करने के लिए सभी को मिल कर प्रयास करने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना था। वाद विवाद व भाषण, पोस्टर मेकिंग व पीपीटी प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपने विचारों, प्रस्तुतियों तथा गतिविधियों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया।

## खबर संक्षेप

### शहीदी दिवस पर वीर माता ने दी श्रद्धांजलि

**कैथल।** शहीदी दिवस पर शहीदों की चिता पर लगने वाला मेला जो पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के सौजन्य से हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल के प्रांगण लगा इस बारे एसो प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि मुख्य अतिथि के तौर पर वीरमाता जेली देवी 109 वर्षीय माता शहीद नायक रमेश कुमार पंजाब रेजिमेंट कुपवाड़ा में 2011 सर्वोच्च बलिदान दिया। वीरमाता भूरो देवी माता शहीद लेफ्टिनेंट सतबीर सिंह शौर्य चक्र एवं सेना मैडल,सेना शिक्षा कोर ने मिजोरम 2009 में सर्वोच्च बलिदान दिया।

### लख दाता पीर पर किया भंडारे का आयोजन

**सीवन।** सीवन के में बाजार स्थित पुरानी चौधरी लोकू राम धर्मशाला परिसर में लख दाता पीर पर बच्चों द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेवा भाव का परिचय देते आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

### सरकार के नए नियमों से किसान परेशान

**सीवन।** हलका विधायक देवेंद्र हंस ने कहा कि बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान के बाद अब सरकार के नए नियम किसानों की परेशानी और बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल गिर गई है, जबकि सब्जियों और खरबूजे की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। कहा कि ऐसे समय में सरकार को किसानों को राहत देनी चाहिए।

### विवि में वर्ल्ड इडली डे उत्साह से मनाया

**कैथल।** मार्च,एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल के होटल मैनेजमेंट विभाग द्वारा "वर्ल्ड इडली डे" बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभाग के छात्रों ने अपनी पाक-कला, रचनात्मकता एवं टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगभग दस प्रकार की इडली तैयार कर उन्हें यूनिवर्सिटी के डीन्स के समक्ष प्रस्तुत किया।डॉ. रेखा गुप्ता ने अन्य सभी डीन्स के साथ मिलकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

### बच्चों के सरकारी स्कूलों में दाखिले की अपील

**सीवन।** गांव खानपुर के राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों के नामांकन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व सरपंच अमनदीप कौर एवं सरपंच प्रतिनिधि सोनू सैनी ने किया। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भाग लेते हुए गांव में जन जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां लेकर अभिभावकों से अपने बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालयों में करवाने की अपील की।

### पंथ नगर में पहुंचा चलता-फिरता अस्पताल

**कैथल।** कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला की "सेवा व समर्पण" की भावना से शुरू की गई अनोखी पहल "आदित्य सुरजेवाला निःशुल्क चलता-फिरता अस्पताल वैन" ने एक बार फिर आमजन के दिल जीत लिए हैं। आज कैथल शहर के वार्ड नंबर 7 पंथ नगर में यह मोबाइल मेडिकल वैन पहुंची, सुबह से ही स्थानीय निवासियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

### समाधान शिविर जनसेवा का सशक्त माध्यम : डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम संजय कुमार, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीएसपी सुशील प्रकाश सहित अन्य अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनी और उनके समाधान को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### कबाड़ को हटा कार्यस्थल को बनाया जाएगा साफ

**कलायत।** एसडीएम अजय हुड्डा ने बताया कि सरकार ने सभी सरकारी कार्यालयों में पुराने रिकॉर्ड और को हटाने के लिए सप्ताह का अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान के माध्यम से कार्यालयों में वर्षों से पड़े पुराने रिकॉर्ड को नियमों के अनुसार हटाया जाएगा।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने परिवार सहित पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

# हनुमान जी की भक्ति शक्ति, सेवा व समर्पण का देती है संदेशः गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गांव ढांड स्थित श्री बाला जी हनुमान मंदिर में धार्मिक आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड ने अपने परिवार सहित मंदिर में उपस्थित होकर विधिवत पूजा-अर्चना की और यज्ञ-हवन का आयोजन कराया। जन्मोत्सव कार्यक्रम में पहुंचने पर मंदिर समिति पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाजपा नेता अशोक गुर्जर का स्वागत करते उनको परिवार सहित भगवान श्रीराम दरबार का चित्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिसमें भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने परविार साहित एवं ग्रामीणों ने विद्वान पंडितों के साथ यज्ञ में आहुति डालकर हवन संपन्न कराया। इस दौरान गांव और क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए विशेष प्रार्थना की गई। इस मौके पर हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड ने श्री हनुमान जी के दरबार में सभी श्रद्धालुओं के उत्तम स्वास्थ्य, बल, बुद्धि और निरंतर प्रगति की कामना करते हुए कहा कि हनुमान जी की भक्ति हमें शक्ति, सेवा और समर्पण का संदेश देती है।

**अशोक गुर्जर को भगवान श्रीराम दरबार का चित्र देकर सम्मानित किया**

**क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए विशेष प्रार्थना की**



ढांड। भाजपा नेता अशोक गुर्जर परिवार सहित मंदिर में हनुमान जी की पूजा अर्चना करते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मान सिंह कसाना, राजेंद्र कसाना, अजय कसाना, शमशेर कसाना, ढांड मार्कीट कमेटी चेयरमैन विजेंद्र मैहला जडौला, लाला कश्मीरी लाल, बीरभान गर्ग, डॉ. श्रीभगवान, रामकुमार गर्ग, मा. सुभाष गर्ग, सरपंच जसबीर गुर्जर, रामस्वरूप गांगल, दीपक शर्मा, जोगिंद्र पंवार, मेजर कसाना, ज्ञान चंद एडवोकेट, बलकार सिंह, मा. नफे सिंह, लाला श्याम लाल, राजेंद्र गांगल, रमेश पंवार आदि मौजूद थे।


कैथल। समाजसेवी कैलाश भगत हनुमान की पूजा अर्चना करते हुए।

## सिद्धपीठ शिव वाटिका में धूमधाम के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**कैथल।** कैथल के प्रताप गेट स्थित सिद्धपीठ शिव वाटिका में भगवान राम के परम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिद्धपीठ शिव वाटिका के प्रधान कृष्ण नारंग ने की। इस अवसर पर सुबह सभी श्रद्धालुओं ने एकत्रित होकर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। इसके पश्चात 108 बार राम-राम की माला का जाप कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूरे परिसर में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में हैफेड के पूर्व चेयरमैन एवं पंजाबी समाज की विभिन्न संस्थाओं के चेयरमैन कैलाश भगत भी विशेष रूप से पहुंचे। उन्होंने भगवान हनुमान जी की मूर्ति के समक्ष नतमस्तक होकर सभी के लिए सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। प्रधान कृष्ण ने बताया कि सिद्धपीठ शिव वाटिका में इससे पूर्व शिवरात्रि महोत्सव भी बड़ी धूमधाम से मनाया था और अब हनुमान जयंती भी पूरे उत्साह के साथ मनाई जा रही है।

## हनुमान जयंती का पर्व बड़े ही श्रद्धा उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया



**पूंडरी।** प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती का पावन पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला शक्ति ने भाग लेकर आयोजन को भव्य रूप दिया। कार्यक्रम में "एक किरण उम्मीद" संस्था की अध्यक्ष समाजसेवी निधि मोहन विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने भजन संध्या में कीर्तन कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए, जिससे समाज में भक्ति भावना के साथ-साथ आपसी एकता भी मजबूत होती है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया। भजन-कीर्तन की मधुर धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के जन्मोत्सव पर केक काटकर भी अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

## संकट मोचन हनुमान सेवा ट्रस्ट ने लगाया भंडारा


कैथल। रामप्रताप गुप्ता को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

**कैथल।** गोदाम रोड हनुमान मार्केट, संकट मोचन हनुमान की प्रतिमा के पास 18वां भंडारा कढी चावल, आलू, पूरी, पेठा, खीर, रोटी, मिस्सी रोटी इत्यादि का भंडारे का आयोजन हनुमान जयंती एवं वैषाव स्नान प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में लगाया गया। भण्डारे से पहले विशाल हवन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य जजमान रमेश जिंदल, सहपत्नी एवं डा. गौरव जैन सिविल हस्पताल, कैथल थे भण्डारे का शुभारंभ राम प्रताप गुप्ता प्रमुख समाजसेवी ने भगवान हनुमान सभी देवी देवताओं, जल देवता पर प्रसाद चढाकर भण्डारा का युभांरभ किया। राम प्रताप गुप्ता ने अपने निजी कोष्ठ से 11 हजार रूप्ये का सहयोग किया तथा विष्वास दिलाया कि हनुमान मंदिर एवं वाटर कूलर पर शेड डलवाने की कोशिश करूंगा। भण्डारे में लगभग दो हजार भक्तो ने प्रसाद को ग्रहण किया।

# हनुमान जयंती पर विचार गोष्ठी

- हनुमान जयंती के धार्मिक, और दार्शनिक महत्व पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल द्वारा हनुमान जयंती के पावन अवसर पर टीक परिसर स्थित सभागार में एक दिवसीय विचार गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही, जिससे सभागार का वातावरण भक्तिमय और ज्ञानमय दोनों बना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरु प्रो. राजेन्द्रकुमार अनायत ने की।


कैथल। महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय में हनुमान जन्मोत्सव मनाते पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

#### सबका आभार व्यक्त किया

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रख्यात विद्वान आचार्य बृज बिहारी भारद्वाज तथा मुख्य वक्ता के रूप में आचार्य सतीश आर्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन ज्योतिष विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नवीन शर्मा द्वारा किया गया तथा कुलसचिव प्रो. संजय गोयल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हनुमान जयंती के धार्मिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक महत्व पर प्रकाश डाला।

### आरकेएसडी स्कूल में किया हनुमान चालीसा का पाठ

**कैथल।** हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर आर के एस डी पब्लिक स्कूल के सभागार में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। प्रसिद्ध गायक शशि मंगल ने अपने सुंदर भजनों से सभी को भक्ति के रस में डुबो दिया। विद्यालय में नए सत्र का शुभारंभ आज के शुभ और पावन दिवस पर किया गया जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने संकट मोचन हनुमान का आशीर्वाद लिया ।इसी अवसर पर बच्चों को प्रेरित करते हुए डॉक्टर विनय गुप्ता को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। डॉक्टर विनय ने सभी बच्चों से कई बातों पर अपने विचार सांझा किए। प्रधानाचार्या निवेदिता भट्ट जी ने नए सत्र के लिए सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बजरंग बली शक्ति, भक्ति व निष्ठा के प्रतीक

- हनुमान जयंती पर धार्मिक परंपराओं का उत्साह के साथ निर्वहन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

वीर बजरंग बली हनुमान जन्मोत्सव को लेकर कलायत के प्राचीन कपिल मुनि मंदिर के साथ-साथ विधानसभा के गांव नीमवाला में धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाए गए। विश्व हिंदु परिषद द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से धार्मिक परंपराओं का उत्साह के साथ निर्वहन किया गया। प्राचीन कपिल मुनि मंदिर में पुजारी संजय गौतम व संजय शास्त्री द्वारा श्रद्धालुओं का वीर बजरंग बली के जीवन पर आधारित कथा सुनाई गई।


कलायत। प्राचीन कपिल मुनि मंदिर में वीर हनुमान जन्मोत्सव मनाते विहिप पदाधिकारी एवं श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

#### भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की

विश्व हिंदु परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि वीर हनुमान शक्ति, भक्ति और निष्ठा के प्रतीक हैं। उनका जीवन सेवा, समर्पण और साहस का संदेश देता है। कथा के माध्यम से पुजारी ने रामभक्ति, त्याग और धर्म के मार्ग पर चलने का महत्व भी समझाया। दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ कथा का श्रवण किया और भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की। आयोजन में शामिल लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## छात्रा वर्तिका का राष्ट्रीय यूथ पार्लियामेंट के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

आरकेएसडी कॉलेज की बीबीए की पूर्व छात्रा वर्तिका ने जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय यूथ पार्लियामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते प्रति वर्ष दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय यूथ पार्लियामेंट के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित रहेंगे। चंडीगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम में 75 प्रतिभागियों ने यूनियन बजट 2026 पर विचार प्रस्तुत किए, जिसमें वर्तिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उल्लेखनीय है कि वर्तिका ने गत वर्ष भी राज्य स्तरीय यूथ पार्लियामेंट में कॉलेज का प्रतिनिधित्व कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। महाविद्यालय के प्रधान अश्वनी शोरेवाला ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियाँ संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं संस्कारों को दर्शाती हैं।


कैथल। प्राचार्य छात्रा वर्तिका को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## विकास कार्यों को पूरा करने के निर्देश

- ग्रामीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि ग्रामीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं एवं परियोजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जाए। सुनिश्चित किया जाए कि योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचे। इसी प्रकार विकास कार्यों में गुणवता सुनिश्चित करते हुए इन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाएं। जो परियोजनाएं अपने निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं, उनके लिए अतिरिक्त प्रयास कर उन्हें जल्द पूरा किया जाए। डीसी अपराजिता ने कहा कि गांव में मुख्यमंत्री घोषणाओं, सांसद एवं विधायक निधि से जुड़े सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं।


कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

डीसी अपराजिता वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं थीं। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जी राम जी, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, अमृत सरोवर, ग्रामीण क्षेत्र में की गई मुख्यमंत्री घोषणाओं तथा स्वच्छ भारत मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

## विधायक सतपाल जाम्बा ने किया पूंडरी अनाज मंडी व ढांड साइलो का निरीक्षण



**पूंडरी ढांड।** गेहूं खरीद सीजन को लेकर तैयारियों का जायजा लेने के लिए पुंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा ने आज पुंडरी अनाज मंडी एवं ढांड स्थित अडानी साइलो का अधिकारियों व मंडी प्रधान के साथ दौरा किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करते आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मंडियों में साफ-सफाई, पर्याप्त स्थान, किसानों के लिए सुचारु प्रवेश-पास व्यवस्था तथा बैरिगेट (घेराबंदी) को व्यवस्थित रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी किसान को फसल बेचने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि किसान भाइयों की सुविधा सर्वोपरि है। सरकार का प्रयास है कि किसानों की फसल की खरीद बिना किसी बाधा के सुचारु रूप से हो। मंडियों में हर जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### स्पा सेंटर संचालक का सहयोगी गिरफ्तार

**कैथल।** असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा दिए गए आदेश पर कार्रवाई करते स्पा सेंटर में अनैतिक कार्य करवाने के मामले की जांच डीएसपी मुख्यालय बीरभान सिंह द्वारा करते स्पा सेंटर संचालक का सहयोगी आरोपी हिसार निवासी भरत कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दुर्गा शक्ति टीम एएसआई श्वेता की शिकायत अनुसार उसको गुप्त सूचना मिली कि नजदीक पुराना बस स्टैण्ड के पास हनी बी सपा और हैल्थ केयर सैन्टर के नाम से होली मोहल्ला सफीदो जिला जीन्द निवासी रवि कुमार व हिसार निवासी भरत कुमार बाहर से लड़कियों को बुलाकर ग्राहकों के साथ अनैतिक कार्य करवा कर ग्राहकों से रुपए वसूले जाते है। पुलिस टीम द्वारा स्पा सैंटर पर दबिश देकर जांच की गई तो 7 महिला व 2 पुरूष मिले, बताया कि उन्हे होटल मालिक रवि व भरत ने फोन कर देह व्यापार के लिए होटल में बुलाया है।

**प्रतियोगिता** — सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन का आयोजन

# एनएसएस शिविर में छात्रों ने किया सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

एनएसएस. शिविर – द्वितीय दिवस की गतिविधियों की रिपोर्ट सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन का आयोजन दर्शन अकादमी, जगदीशपुरा में बड़े उत्साह एवं अनुशासन के साथ किया गया। दिन की शुरुआत एनएसएस प्रार्थना, गीत, योग एवं सूर्य नमस्कार के साथ हुई, जिससे स्वयंसेवकों में सकारात्मक व ऊर्जावान वातावरण का निर्माण हुआ। शिविर के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि डॉ. मीनाक्षी गोयल, त्वचा रोग विशेषज्ञ एवं एचआईवी विशेषज्ञ तथा डॉ. विनय गुप्ता का एन.एस.एस. क्लैप के साथ स्वागत किया गया तथा उन्हें सम्मान स्वरूप पौधे भेंट किए गए। डॉ. मीनाक्षी ने एड्स विषय पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने इसके कारणों, बचाव के उपायों तथा जागरूकता फैलाने के महत्व पर प्रकाश डाला। चाय विश्राम के पश्चात सत्र में डॉ. विनय गुप्ता ने नशे के दुष्प्रभावों एवं एड्स की जांच से संबंधित जानकारी प्रदान की। दोपहर पश्चात सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. विवेक गर्ग, मनोचिकित्सक ने युवाओं में नशे और शराब के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। युवाओं के इन पदार्थों की ओर आकर्षित होने के कारणों एवं मनोवैज्ञानिक पहलुओं को सरलता से समझाया तथा इनके स्वास्थ्य एवं भविष्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को रेखांकित किया।



कैथल। स्वयं सेवकों को संबोधित करते पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

#### किया प्रेरित

प्रधान अश्वनी शोरेवाला ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन एवं जागरूकता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। विशेष रूप से स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं नशा मुक्ति जैसे विषयों पर आयोजित सत्रों की सराहना करते कहा कि शिक्षा संस्थानों की यह जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों को एक जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करें।

#### प्रोत्साहित किया

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने शिविर के सफल आयोजन एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उनमें सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को निरंतर समाज सेवा एवं जागरूकता अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### विश्वकर्मा महापुराण दिव्य महोत्सव की तैयारियां जारी

**कलायत।** कलायत में 5 अप्रैल से प्रारंभ होने वाला भगवान विश्वकर्मा महापुराण कथा समारोह एक बड़ा धार्मिक समागम बनने जा रहा है। आयोजन की तैयारियों को लेकर विश्वकर्मा समाज की मातृशक्ति की तरफ से विश्वकर्मा सभागार में बैठक का आयोजन पूर्व पार्षद सुनीता धीमान की अगुवाई में किया गया। इसमें आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और जन सहभागिता पर चर्चा हुई। धीमान ने बताया कि यह कथा समारोह केवल धार्मिक आयोजन नहीं हैं। बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने का सशक्त माध्यम बनेगा है। उद्देश्य विश्वकर्मा समाज की परंपराएं, संस्कार और आस्था नई पीढ़ी तक जीवंत रूप में पहुंचना है। कलायत की पावन धरती पर आयोजित यह महोत्सव सामाजिक मेलजोल, सांस्कृतिक गौरव और भागीदारी का प्रतीक बनेगा।

## खबर संक्षेप

### किठाना में टिंबर स्टोर से हजारों का सामान चोरी

**कैथल।** किठाना में कैथल रोड स्थित एक बंद पड़े टिंबर स्टोर में चोरों ने हजारों रुपए का सामान व 1500 रुपए की नकदी चोरी कर ली। शिकायत के आधार पर राजौंद थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नथवान पट्टी किठाना निवासी प्रदीप ने बताया कि उनका किठाना टिंबर स्टोर बंद पड़ा है। सुबह मौके पर पहुंचने पर देखा कि स्टोर का ताला टूटा हुआ था और अंदर से सामान गायब था। चोर 6 बंडल इलेक्ट्रिक तार, 2 लाइट मकरी, 2 रंदे, एक छींका, 2 हैंड कटर, टूल किट व चैनल बॉक्स सहित 1500 रुपए नकद चोरी कर ले गए।

### कुराश चैंपियनशिप में जिले का शानदार प्रदर्शन

**कैथल।** मध्यप्रदेश के इंदौर में 27 से 29 मार्च तक आयोजित हुई 15वीं सीनियर कुराश नेशनल चैंपियनशिप में 48 किलोग्राम भार वर्ग में सिमरन ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं -73 किलोग्राम भार वर्ग में रोहित और 55 किलोग्राम भार वर्ग में मोहित ने सिल्वर मेडल हासिल किया, जबकि 57 किलोग्राम भार वर्ग में कश्वी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

### खेल नर्सरी में खिलाड़ी के चयन के लिए ट्रायल आज

**उचाना।** गुरूकुल खेड़ा के कन्या गुरूकुल में खेल विभाग द्वारा लड़कियों के लिए मुक्केबाजी की खेल नर्सरी को मंजूरी दी है। तीन अप्रैल को कन्या गुरूकुल में इसको लेकर ट्रायल होगी। गुरूकुल कमेटी उप प्रधान महीपाल खटकड़ ने बताया कि 15 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी को 1500 एवं 19 वर्ष कम आयु के खिलाड़ी को दो हजार रुपये प्रति माह छात्रवृत्ति दी जाती है। मुक्केबाजी ट्रायल को लेकर गुरूकुल परिसर में सुबह 10 बजे तक खिलाड़ी अपने डाक्यूमेंट लेकर पहुंचे।

### जींद में फेंसिंग खेल नर्सरी के लिए ट्रायल आज

**जींद।** इंडस पब्लिक स्कूल जींद में फेंसिंग खेल नर्सरी के लिए ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक खिलाड़ी तीन अप्रैल शुक्रवार को शाम चार बजे इंडस पब्लिक स्कूल के फेंसिंग हॉल में पहुंच कर ट्रायल दे सकते हैं। इंडस निदेशक सुभाष श्योराण ने बताया कि इस ट्रायल के माध्यम से प्रतिभावान खिलाडियों का चयन किया जाएगा। जिन्हें आगे प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सभी इच्छुक खिलाड़ी समय पर पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

### शमशेर, राजकुमार और नरेश बने इंस्पेक्टर

**कैथल।** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शमशेर सिंह, राजकुमार व नरेश कुमार को एसआई से इंस्पेक्टर के पद पर प्रमोट होने पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने स्टार लगा कर सम्मानित किया। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि प्रमोशन प्राप्त करने पर पुलिस कर्मचारियों के कंधों पर जिम्मेदारी बढ़ जाती है। क्योंकि प्रमोशन के साथ नई जिम्मेदारी मिलती है। इसलिए इस जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा से निभाना। प्रमोशन पाने वाले तीनो इंस्पेक्टर ने कहा कि विभाग की ओर से जो भी काम दिया जाएगा उसे पूरी निष्ठा से किया जाएगा।

---

### जिले में दस हजार 619 किशोरियों को लगाई जानी है वैक्सीन

# एचपीवी वैक्सीन अभियान को गति देगा विभाग, कैंसर से मिलेगी निजात

- **स्कूल परीक्षाओं के कारण वैक्सीनेशन की गति रही धीमी**
- **अब स्कूल खुलने के साथ ही अभिभावकों को वैक्सीन को लेकर जागरूक करेगा**



जींद। नागरिक अस्पताल का पीपी सेंटर, जहां वैक्सीनेशन किया जाता है। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जींद जिले में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन अभियान को गति देने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। इस अभियान को शुरू हुए एक महीना से ज्यादा का समय हो चुका है लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई है। विभाग के अनुसार मार्च माह में चल रही स्कूल परीक्षाओं के कारण वैक्सीनेशन की गति धीमी रही। अब उम्मीद जताई जा रही है कि अप्रैल माह में किशोरियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो सकती है। वहीं कई ग्राम पंचायतों ने 14 वर्षीय किशोरियों को यह वैक्सीन लगाने के प्रस्ताव का विरोध जताया है। इस विरोध के बीच स्वास्थ्य विभाग अब जागरूकता अभियान तेज करने की तैयारी में है। विभाग शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग और ग्राम पंचायतों के साथ बैठकें कर वैक्सीन के फायदों की सही जानकारी पहुंचाएगा। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी तरीका है, जो भारत में महिलाओं के बीच होने वाले कैंसर का प्रमुख कारण है।

#### स्वास्थ्य विभाग का स्कूलों पर रहेगा फोक्स

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. संदीप मलिक व अर्बन नोडल अधिकारी डा. विशाल सांगवान ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में एचपीवी वैक्सीन लाभार्थी किशोरियों की पहचान कर ली गई है। इनकी संख्या कुल 10619 है। हालांकि अबतक केवल 19 किशोरियों को ही यह वैक्सीन लगी है। अब स्कूलों की वार्षिक परीक्षा खत्म होने के बाद परिणाम भी जारी हो चुके हैं और नए शैक्षणिक सत्र के दौरान स्कूलों में स्वास्थ्य विभाग जागरूकता कैंप का आयोजन करेगा। बाकायदा स्कूलों में आने वाले अभिभावकों व छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव एवं रोकथाम की जानकारी दी जाएगी। वैक्सीन के लिए अभिभावकों को प्रेरित कर किशोरियों के साथ नजदीकी सीएचसी, पीएचसी तक लाया जाएगा। बाकायदा उन्हें कैंसर से बचाव के लिए लगने वाली वैक्सीन के बारे में बताया जाएगा। अभिभावकों द्वारा सभी तरह के पूछे जाने वाले सवालों का जवाब देकर भ्रांतियां दूर की जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद गर्भाशय के निचले हिस्से में सर्वाइकल कैंसर के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। यह कैंसर 35 साल की उम्र के बाद ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) से होता है। जिससे बचाव के लिए किशोरावस्था में टीकाकरण जरूरी है।

#### स्वास्थ्य विभाग कर रहा है मुफ्त टीकाकरण

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में निशुल्क टीकाकरण है जोकि निजी अस्पतालों में करीब 5 से 10 हजार कीमत पर उपलब्ध है। किशोरियों को जागरूक करने के लिए शिक्षा विभाग, आरबीएसके टीम का सहयोग लिया जा रहा है। निजी स्कूलों के प्राचार्यों से बैठकें कर किशोरियों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

#### जिला में 28 फरवरी को शुरू हुआ था अभियान

राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र सरकार ने हाल ही में 14 वर्षीय किशोरियों के लिए मुफ्त एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान शुरू किया है। जींद में यह अभियान 28 फरवरी को शुरू किया गया था। इस अभियान के अंतर्गत ऐसी किशोरियां, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है तथा 15 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है, टीकाकरण के लिए पात्र हैं। इस वैक्सीन का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जो कि बच्चेदानी के मुंह का कैंसर है से सुरक्षित रखना है। ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एक सामान्य संक्रमण है, जो महिलाओं के प्रजनन तंत्र को प्रभावित करता है और यही सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण बनता है। यह टीका एचपीवी संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करता है तथा भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम करता है।

#### एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षितः कोहली

सीएमओ डा. कोहली ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित एवं प्रभावी है तथा भारत सरकार द्वारा वैज्ञानिक परीक्षणों के पश्चात इसे स्वीकृति प्रदान की गई है। अभियान के तहत पात्र किशोरियों को टीके की केवल एक डोज दी जाएगी। जो प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा चिकित्सक की देखरेख में लगाई जाएगी। सीएमओ ने आमजन से अपील की है कि वे अपनी पात्र किशोरियों को अधिक से अधिक संख्या में नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर यह टीका अवश्य लगवाएं ताकि कोई भी पात्र किशोरी इस महत्वपूर्ण लाभ से वंचित न रह जाएं।

---

# नए नियमों के विरोध में आढ़तियों की बैठक, आज से अनाजमंडी बंद का ऐलान

- सरकार किसान व आढ़तियों की कर रही लगातार अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलाना कस्बे की नई अनाज मंडी में आढ़तियों और किसानों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सरकार द्वारा लागू किए जा रहे नए नियमों का जमकर विरोध किया गया। बैठक की अध्यक्षता आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पवन लाठर ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विरोध स्वरूप शुक्रवार से मंडी बंद रखी जाएगी और फसलों की खरीद पूरी तरह से ठप रहेगी। बैठक को संबोधित करते हुए पवन लाठर ने कहा कि सरकार किसानों और आढ़तियों के हितों की अनदेखी कर लगातार ऐसे फैसले ले रही है, जो उनके लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर रोज नए-नए नियम लागू किए जा रहे हैं। जिससे मंडी व्यवस्था प्रभावित हो रही है।


जुलाना। बैठक में भाग लेते किसान और आढ़ती।

#### इनेलो ने मंडी में खोला किसान कष्ट निवारण केंद्र

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने भी किसानों के समर्थन में कदम उठाते हुए जींद, जुलाना की अनाज मंडी में किसान कष्ट निवारण केंद्र की स्थापना की है। इस दौरान इनेलो के जिला अध्यक्ष बिजेंद्र रेढू भी बैठक में पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके हकों की लड़ाई लड़ती रहेगी। बिजेंद्र रेढू ने कहा कि सरकार द्वारा बनाए जा रहे नियम किसानों और आढ़तियों को परेशान करने वाले हैं। उन्होंने सरकार से

---


जींद। जयपाल पिंडारा को नमन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### जयपाल पिंडारा की दसवीं पुण्यतिथि पर किया हवन

**जींद।** गांव पांडु पिंडारा में समाजसेवी चौधरी जयपाल पिंडारा की दसवीं पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ हुआ। इस अवसर पर उनके सुपुत्र दीपक पिंडारा द्वारा हवन में आहुति डाली गई एवं बताया गया कि स्वर्गीय जयपाल पिंडरा द्वारा अपने जीवनकाल में अनेकों सामजिक कार्य किए गए। जिनमें गांव पांडू पिडारा में तीर्थ पर भव्य द्वार का निर्माण व तीर्थ के नविनीकरण के लिए करोड़ों रुपये की राशि जैसे सामाजिक कार्य उनके जीवन काला के दौरान महत्वपूर्ण उपलब्धि रहे। उनका पूरा जीवनकाल समाजसेवा के प्रति समर्पित रहा एवं उन्होंने हमेशा गरिब व मजदूर की लड़ाई लड़ी। इसके अलावा जयपाल पिंडारा न उनके पिताजी स्वर्गीय मौलड़ राम को जब भी गांव के सरपंच की जिम्मेवारी दी गई तब-तब उनके द्वारा गांव पांडू पिंडारा में अनेको विकास कार्य किए गए। आज उनकी दसवीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र एवं जींद के सैंकड़ों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। दीपक पिंडारा ने बताया की वे अपना पूरा जीवन अपने पिताजी के पद्चिन्हों पर चलते हुए समाजसेवा के लिए हमेशा अग्रणी रहेगे।

---


सीवीन। सहायता राशी का चेक प्रदान करते अधिकारी।

### 14 वर्षीय घायल नैतिक को मिली आर्थिक मदद

**सीवन।** मार्केट कमेटी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कृषि कार्य में घायल 14 वर्षीय नैतिक निवासी प्रभावत को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कृषि कार्य करते समय हुई दुर्घटना में नैतिक की उंगली कट जाने के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए यह सहयोग राशि दी गई, जिससे उसके उपचार और अन्य आवश्यक जरूरतों में मदद मिल सके। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर सैनी, वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल तथा मार्केट कमेटी के सचिव मनजीत ने संयुक्त रूप से नैतिक को 37500 रुपये का चेक सौंपा। तीनों पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में कहा कि किसान और उनके परिवार समाज की रीढ़ हैं, और ऐसे कठिन समय में उनके साथ खड़ा होना ही सच्ची सेवा है। नैतिक को यह राशी कृषि कार्यों में अंग भंग होने पर दी जाये वाली सहायता के रूप में दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार किसानों सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जा रहा है। इस अवसर पर पवन डोहर, डॉ बलराज, प्रवीण रसूलपुर, रोशन प्रेमी, जितेंद्र सरदाना, नीरज गंभीर, हरीश आनंद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने नैतिक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

---

# मंडी में खुले मैनहोल दे रहे हादसों को न्यौता

- शहर की नई अनाज मंडी में आढ़तियों ने किसान के साथ किया दुर्व्यवहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। मंडी में मौजूद गंदगी।

फसली सीजन शुरू हो गया है और जींद की नई अनाज मंडी में किसानों के साथ कथित रूप से हो रहे दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। भारतीय किसान यूनियन जिला जींद ने आरोप लगाया गया है कि आढ़तियों और कुछ दुकानदारों द्वारा किसानों के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। जिससे किसान वर्ग में भारी रोष है। इसके अलावा मंडी में सीवरेज के मैनहोल खुले पड़े हैं। जिससे हादसे होने का डर बना रहता है। आसपास गंदगी के ढेर लगे हैं। किसानों को फसल डालने में परेशानी आ रही है। भाकियू के जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए मंडी में नार्मल प्लेटफार्म और उनकी फसलों को बारिश से बचाने के लिए शेड बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कई दुकानदारों ने इन शेड के नीचे प्लेटफार्म पर अपना कब्जा कर रखा है और किसानों को वहां अपनी फसल रखने नहीं दिया जाता। आढ़तियों के अपने चहेते कुछ किसान ही वहां फसल डाल रहे हैं। दूसरे किसानों को शेड के नीचे फसल उतारने नहीं दी जाती। नियमानुसार वहां कोई भी किसान अपनी फसल उतार सकता है लेकिन आढ़तियों की मनमानी के चलते किसानों को दुकानों के सामने या खुले में फसल डालने के लिए मजबूर किया जाता है। यदि कोई किसान प्लेटफार्म या शेड के नीचे अपनी फसल रखने की कोशिश करता है तो उसके साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलौज तक की नौबत आ जाती है।भाकियू ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होगा।

---

## न्यूज डायरी



### पांडुलिपि सर्वेक्षण के लिए 15 जून तक चलेगा अभियान

**जींद।** ज्ञान भारतम मिशन के तहत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने विडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मिशन संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य देश की विशाल पांडुलिपि विरासत की पहचान, दस्तावेजीकरण एवं संरक्षण करना है। इसके तहत 15 जून तक पूरे देश में सर्वेक्षण अभियान चलाया जाएगा ताकि पांडुलिपियों का एक व्यापक राष्ट्रीय डाटाबेस तैयार किया जा सके। बैठक उपरांत डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि वे सर्वेक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत सरकारी पुस्तकालयों, विश्वविद्यालयों, संस्कृत पाठशालाओं तथा मंदिर, गुरुद्वारा एवं मठ जैसे धार्मिक संस्थानों में उपलब्ध पांडुलिपियों की पहचान की जाए।



### अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के मोती मोर बने अध्यक्ष

**जींद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ जिला जींद कार्यकारिणी का अधिवेशन जींद डिवीजन रेस्ट हाउस में हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लोकेश भ्याण ने की और मंच का संचालन जिला सचिव महेंद्र शर्मा ने किया। अधिवेशन में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव जीवन ठाकुर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष ओमवीर यादव, संगठन मंत्री रविंद्र हुड्डा, प्रदेश मीडिया प्रभारी रवि श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। महासचिव जीवन ठाकुर ने कहा 15 अगस्त से एक्ट लागू है और सभी कर्मचारियों को विद एरिया उसका लाभ मिलेगा। किसी भी साथी को घबराने की जरूरत नही है। बैठक में सर्वसमिति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मोती मोर, उपाध्यक्ष राजगुरु वशिष्ठ, उपाध्यक्ष नरेंद्र बनभौरी, सचिव योगेश शर्मा, कोषाध्यक्षकश्मीरी सैनी, सह कोषाध्यक्ष राकेश मलिक, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र श्योकंद, कार्यालय सचिव सागर, प्रेस सचिव बिल्लू दहिया आदि मौजूद रहे।



### आज के विद्यार्थी कल के जिम्मेदार नागरिक : सुरजेवाला

**कैथल।** इंडस पब्लिक स्कूल कैथल में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर विद्यालय की मेंटर बिमला सुरजेवाला की उपस्थिति में भव्य हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मैडम बिमला सुरजेवाला द्वारा विद्यालय के संस्थापक 'पिताजी'मित्रसेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। तत्पश्चात उन्होंने यजमान के रूप में हवन में आहुति देकर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि यदि हम स्वयं सशक्त और महान बनेंगे, तो हमारा राष्ट्र भी स्वतः ही सशक्त और महान बनेगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से जिम्मेदार नागरिक बनने, राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने तथा वेदों के महत्त्व को समझने का आह्वान किया। प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने बिमला सुरजेवाला का आभार व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद किया।



### जाट समाज ने जातिगत टिप्पणी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के उपमंडल अधिकारी कार्यालय में जाट समाज के लोगों ने एकत्रित होकर अपमानजनक जातिगत टिप्पणी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया और एसडीएम होशियार सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ढांडा खाप के पूर्व प्रधान नरेश ढांडा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सोनीपत के बिजली विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा जाट समाज को लेकर आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह की बयानबाजी न केवल समाज की भावनाओं को आहत करती है बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी बिगाडने का काम करती है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ तुरंत प्रभाव से सस्पेंशन की कार्रवाई की जाए और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाए।




### विद्यार्थियों को अनुशासन से करनी चाहिए पढ़ाई : सुरेश

**सीवन।** गांव लदाना चक्कू के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में को प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने छठी कक्षा में प्रवेश लिया। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार की ओर से उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल रहा और छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता की कुंजी है और विद्यार्थियों को मेहनत व अनुशासन के साथ पढ़ाई करनी चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक सन्नी बंसल, संदीप शर्मा, देवेंद्र, गुलशन चुघ, सुरजन सिंह, कुलदीप सिंह, सुनील माथुर, देवेंद्र सिंह, तुलसी राम, सुमन सरदाना आदि रहे।

---

### आरटीआई कार्यकर्ता कपिल रोहिला को दिया गया रिकार्ड

# नपा में भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों की बढ़ेंगी मुश्किलें

**वर्ष 1987 के बाद नपा में व्यापक स्तर पर हो रहा निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत


कलायत। कलायत नगर पालिका कार्यालय में रिकार्ड का निरीक्षण करते आरटीआइ कार्यकर्ता कपिल रोहिल्ला। फोटो :हरिभूमि

कलायत नगर पालिका के कामकाज को सरकार की पारदर्शी नीति पर परखने के लिए आरटीआई कार्यकर्ता कपिल रोहिल्ला द्वारा गहनता से रिकार्ड निरीक्षण शुरू किया गया है। आरटीआइ एक्ट के तहत रोहिल्ला को रिकार्ड जांचने का अधिकार प्रदान किया गया है। इसके तहत नगर पालिका सचिव कार्यालय में आरटीआई कार्यकर्ता कपिल रोहिल्ला द्वारा लेखाकार सचिन गिल व नपा के अधिकारी-कर्मचारियों की मौजूदगी में कार्यालय से जुड़े रिकार्ड का क्रमवार निरीक्षण किया जा रहा है। कपिल रोहिल्ला ने बताया कि वर्ष 1987 में हुए नगर पालिका आम चुनाव के बाद पहली बार नपा रिकार्ड को इस प्रकार व्यापक स्तर पर निरीक्षण की स्थिति पैदा हुई है। इससे नगर पालिका कार्यालय के साथ जिला पालिका आयुक्त कार्यालय में हडक़ंप है। नपा कार्यालय में कपिल रोहिल्ला द्वारा जिस रिकार्ड का निरीक्षण किया जा रहा है उसमें वैध-अवैध कालोनी, प्रोपर्टी आईडी, कार्यालय द्वारा की गई विभिन्न प्रकार के सामान की व्यापक स्तर पर खरीद, कामन-पब्लिक शौचालय का सफाई टेंडर, स्वच्छ भारत मिशन व संपूर्ण शहर से जुड़े अन्य कार्य शामिल हैं। इसके लिए उन्होंने नगर पालिका से बिल एवं भुगतान रिकॉर्ड, मूल बिलों की सत्यापित प्रतियां, चेक/ऑनलाइन भुगतान, फाइल नोटिंग, कार्यों के टेंडर, भाग लेने वाली फर्मों की सूची, तुलनात्मक विवरण पत्र, स्वीकृति आदेश, कोटेशन कार्य व कुछ दूसरी जानकारी शामिल रही।

#### नियम अनुसार पूरी होगी निरीक्षण कार्यवाही

*नगर पालिका लेखाकार सचिन गिल ने बताया कि आरटीआइ एक्ट के तहत कपिल रोहिल्ला को कार्यालय में रिकार्ड निरीक्षण का अधिकार सचिव के निर्देश पर दिया गया है। इसके तहत रिकार्ड निरीक्षण की व्यवस्था कार्यालय में की गई है। नियम अनुसार रिकार्ड का निरीक्षण करते हुए कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।*

---

# जल संरक्षण अभियान में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में की जा रही पेयजल कनेक्शन की जांच

- नलों पर टेप लगाने के लिए उपभोक्ताओं को किया जा रहा है जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। पेयजल कनेक्शन जांचते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

पेयजल को सर्विस स्टेशन, हरी सब्जी व हरा चारा लगाने में उपयोग किया तो ऐसे उपभोक्ता के पेयजल कनेक्शन काटकर उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी ताकि हर व्यक्ति तक पीने का पानी उपलब्ध हो सके । क्योंकि जल संरक्षण बहुत जरूरी है। यह बात हर घर तक स्वच्छ व पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध करवाने व पेयजल बिल एकत्रित करने के अभियान की समीक्षा करने के बाद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार डा. रणधीर मताना ने कही। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में विभाग की टीम बना कर लोगों के पेयजल से संबंधित समस्याओं को दूर किया जा रहा है। इसके तहत विभाग की टीम घर-घर जाकर पेयजल कनेक्शन की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र में कुछ पेयजल उपभोक्ताओं द्वारा सर्विस स्टेशन के लिए पेयजल का उपयोग किया जा रहा है जोकि गलत है। अगर कोई उपभोक्ता ऐसा करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल के लिए विभाग की टीम पाइप लाईन लीकेज व अस्वच्छ कनेक्शन को तुरंत ठीक कर रही है।